क्षेत्रों में पूंजी निवेश, इसमें विदेशी पूंजी निवेश शामिल हैं, को बढ़ावा दे रही है । उदारीकरण के बाद की अवधि के दौरान खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में 2528 करोड़ रु० के विदेशी निवेश वाले 195 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है ।

(घ) 529 करोड़ रु० के विदेशी निवेश वाले 44 प्रस्तावों को मंजूरी दी जा चुकी है । आमतौर पर परियोजना को लागू करने में लगभग 2–3 साल लग जाते हैं ।

रेलवे जोनों का बनाया जाना

137. **श्री आस मोहम्मद :**

श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान कितने नये रेलवे जोन बनाये गये हैं;

(ख) इन नये जोनों को बनाये जाने के लिये कौन-सा मापदंड अपनाया गया ;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान सर्वाधिक लाभ अर्जित करने वाला जोन कौन-सा है ; और

(घ) दूसरे जोनों की तुलना में सर्वाधिक कार्यभार तथा सर्वाधिक संचालन गतिविधियों वाला रेलवे जोन कौन-सा है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ): (क) और (ख) पिछले तीन वर्षों में किसी नये जोन का सृजन नहीं किया गया है ।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान दक्षिण-पूर्व रेलवे ने अधिकतम लाभ दर्शाया है ।

(घ) कार्यभार सूचकांक के आधार पर मध्य, उत्तर, दक्षिण-पूर्व और पश्चिम रेलों पर काम का अधिकतम दबाव है ।

Capacity for LPG distributor agencies

*138. SHRI RATNA BAHADUR RAI: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether there is any prescribed capacity for LPG distributor agencies in terms of single cylinder unit; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH) SHARMA): (a) and (b) The existing celling on the refill sales by the distributors in different townsjcities is as under:—

Towns/Cities with population	No. of refills per mensem
(a) Upto 10 lakhs	4,000
(b) Over 10 lakhs to 20 lakhs	5,000
(c) Over 20 lakhs to 40 lakhs	6,000
(d) Delhi, Madras and Calcutta	6,500
(e) Bombay	8,000